

Patna University In News (12.11.2022)

दैनिक भास्कर

सौम्य प्रकाश गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित

पटना | पटना विश्वविद्यालय से सौम्य प्रकाश का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। वह घासी दास केंद्रीय विश्वविद्यालय विलासपुर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए। सौम्य प्रकाश को जाने की बधाई राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुहेली मेहता, पूर्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अतुल आदित्य पांडेय, वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन के झा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेम प्रकाश और पूर्व स्टेट ब्रांड एम्बेस्डर सह पूर्व ग्रुप लीडर विश्वजीत कुमार, गणतंत्र दिवस परेड रिटर्न दीपांजलि ने बधाई दी है। डॉ सुहेली ने बताया है कि लगातार 2020 से पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में पटना विश्वविद्यालय से स्वयंसेवक-स्वयंसेविका का चयन हो रहा है जिसमें 2020 में पटना लॉ कॉलेज दीपांजलि और राहुल रंजन कुमार एवं 2021 में दीपांजलि कुमारी का चयन हुआ था।

दैनिक जागरण

कुलपति ने किया पीयू संवाद न्यूज बुलेटिन का विमोचन

न्यूज बुलेटिन का विमोचन करते पीयू कुलपति व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता, पटना : पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने पीयू संवाद न्यूज बुलेटिन जनवरी 2022- जून 2022 अंक का विमोचन किया। कार्यक्रम में पटना विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार, कुलानुशासक प्रो. रजनीश कुमार, कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार, पटना विश्वविद्यालय डिस्पेंसरी के चीफ मेडिकल आफिसर अनिल कुमार, पीयू संवाद के संपादक मंडल के सदस्य प्रो. अंजू श्रीवास्तव, डा. दिलीप राम, डा. शिव सागर प्रसाद, डा. नकी अहमद जान भी उपस्थित थे। इस बुलेटिन में विश्वविद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को समाहित किया गया है।